दैनिक जागरण 18/12/2025

# विद्यार्थियों को दी उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी

**अंबाला • विज्ञप्ति** : जीएमएन कालेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सेसिल कान्वेंट स्कूल में उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता भी हुई। विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता अधिकारों तथा उपभोक्ता कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भूमिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अर्शनूर ने द्वितीय तथा निर्भय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।